# उत्तराखंड में दसवीं कक्षा के छात्रों के लिये 10 विषय अनिवार्य होंगे

## चर्चा में क्यों?

**उत्तराखंड राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT)** द्वारा तैयार किये गए एक मसौदे में प्रस्ताव दिया गया है कि **कक्षा 10 के विद्यार्थियों को** वर्तमान में पाँच विषयों के स्थान पर **10 अनिवार्य विषय** पढ़ने होंगे।

- यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा द्वारा निर्धारित रूपरेखा के अनुरूप है।

## मुख्य बिंदु

- **राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (SCERT) ने राज्य पाठ्यक्रम ढाँचे** का मसौदा तैयार किया है, जिसका उद्देश्य शैक्षिक मानकों को बढ़ाना और छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिये बेहतर ढंग से तैयार करना है।
- नया पाठ्यक्रम **1986 की NEP** के बाद पहला बड़ा कार्यान्वयन है, जो **1968 की नीति** का उत्तराधिकारी था।
- विभिन्न समितियों के माध्यम से तैयार किये गए राज्य पाठ्यक्रम ढाँचे के मसौदे की राज्य सरकार द्वारा समीक्षा की जाएगी।
- इसमें केवल वे विषय शामिल हैं जिनकी अनुशंसा NEP द्वारा की गई है।
- सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को ये विषय लेना अनिवार्य होगा। उन्हें 11वीं कक्षा से ही विषय बदलने का विकल्प मिलेगा।
- इस नीति के तहत नए विषयों को शामिल करने से छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। इनमें **ब्यूटी एंड वेलनेस, ड्रोन टेक्नोलॉजी** और **विभिन्न IT से संबंधी कार्यक्रम शामिल होंगे।**

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020

- **परिचय:**
  - इससे पहले दो शिक्षा नीतियाँ 1968 और 1986 में लाई गई थीं।
    - NEP 2020 का लक्ष्य "भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना" है। यह स्वतंत्रता के बाद से भारत में शिक्षा के ढाँचे में तीसरा बड़ा बदलाव है।
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - पूर्व-प्राथमिक स्कूल से कक्षा 12 तक स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर सार्वभौमिक पहुँच सुनिश्चित करना।
  - 3-6 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिये गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा सुनिश्चित करना।
  - नया पाठ्यक्रम और शैक्षणिक संरचना **(5+3+3+4)** क्रमशः **3-8, 8-11, 11-14** और **14-18 वर्ष** के आयु समूहों के अनुरूप है।
    - इसमें स्कूली शिक्षा के चार चरण शामिल हैं: आधारभूत चरण (5 वर्ष), प्रारंभिक चरण (3 वर्ष), मध्य चरण (3 वर्ष) और माध्यमिक चरण (4 वर्ष)।
  - कला और विज्ञान, पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियों, तथा व्यावसायिक और शैक्षणिक धाराओं के बीच कोई स्पष्ट विभाजन नहीं है;
  - भारतीय भाषाओं और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने पर ज़ोर,
  - **एक नए राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र,** PARAKH (प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा एवं समग्र विकास के लिये ज्ञान का विश्लेषण) की स्थापना
  - वंचित क्षेत्रों और समूहों के लिये एक अलग लिंग समावेशन निधि और विशेष शिक्षा क्षेत्र।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-to-mandate-10-subjects-for-class-x-students